मरकज़े तसव्वुफ

की तरफ से ये

PDF FILE

का नज़राना जनाब

सूफी नौशाद ग़यासी

की तरफ से

ख़िदमते ख़लक़

के लिये पेश किया जा रहा है।


दरगाहों
पर हाज़री का
तरीक़ा और अदब
मरकज़े तसव्वुफ
ख़ानक़ाह शरीफ कादरिया-शुत्तारिया-चिश्तिया
दरगाह सरकार ख्वाजा कुतबुद्दीन बा-इख्त्यार काकी कु.सि.अ.
1011-E-First, दरगाह शरीफ, महरौली, नई दिल्ली-110030



درگاہ سرکار خواجہ قطب الدین بااختیار کاکی
قدس سرّہُ العزیز
MARKAZE TASAWWUF
दरगाह सरकार ख़्वाजा
कुतबुद्दीन बा-इख़्त्यार काकी
(कु.सि.अ.)
DARGAH SARKAR
KHWAJA QUTBUDDIN BA-IKHTIYAAR KHAKI (Q.S.A.)
MEHRAULI SHARIF, NEW DELHI-110030



दरगाहों पर हाज़री का तरीक़ा और अदब

मरकज़े तसव्वुफ

ख़ानक़ाह शरीफ़ कादरिया-शुत्तारिया-चिश्तिया

दरगाह सरकार ख़्वाजा कुतबुद्दीन बा-इख़्त्यार काकी कु.सि.अ.

1011-E-First, दरगाह शरीफ, महरौली, नई दिल्ली-110030

lQh eukt dknjh 'kÙkkjh fp'rh

ये किताब सूफी मनोज कादरी, शुत्तारी चिश्ती के तआवुन से मख़लूक की ख़िदमत और बेहोशी व लापरवाही दूर करने के मक़सद से छपवाई गई है! इस किताब को मुफ्त में हासिल करने के लिये नीचे दिये गये राब्ते पर ताल्लुक़ क़ायम किया जा सकता है :

मरकज़े तसव्वुफ

दरगाह शरीफ, महरौली, नई दिल्ली-110030

मोबाइल : 09899943607

lQh eukt dknjh 'kÙkkjh fp'rh

Mob. : 8447570036

म. नं. 2101/4, गली नं. 13, प्रेम नगर, नियर शादी पुर डिपो

डी. एम. एस. रोड, या एम. सी. डी. प्राइमरी स्कूल, न्यू दिल्ली-110008

MARKAZE TASAWWUF ★ MARKAZE TASAWWUF ★ MARKAZE TASAWWUF



SUFI SYED AMEERUDDIN
9899943607

SUFI KHURSHEED
9654930537

SUFI ASHRAF
9711116516

SUFI SHABBIR
08080436438

SUFI MAQSOOD ALI
9350081556

SUFI AKASH
9910567808

SUFI MEHTAB
9958020975



SUFI SHAMIM
9716084184

SUFI RUSTY
9716016611

SUFI SHAUQAT
9911419437

SUFI MANOJ
8447570036



SUFI BEKAL
09873859056

SUFI ANEES
9971013298

SUFI MUSTAQEEM
09811454523

SUFI TOWHEED
8745976052

مرکز تصوف ★ مرکز تصوف ★ مرکز تصوف

सरकार सूफी गयासुद्दीन शाह

سرکار صوفی غیاث الدین شاہ

fny I ------

शुरू उस ज़ाते रहीम, रहमान और करीम के नाम से जो अल्लाह नाम से मशहूर है उसके नाम से, सिर्फ नाम से, बहुत लोग वाक़िफ हैं और नाम को ही पूजते रहते हैं नाम की हक़ीक़त और असल जो कि जाननी-पहचान लेनी चाहिये उस से नावाक़िफ हैं !

हर दौर में बारीये तआला ने हमारी हिदायत और राहबरी के लिये किताबें नाज़िल की, पैग़म्बर भेजे, हम ग़फलत में ही रहे, विलायत क़ायम हुई, मक़ामे विलायत से हमें बेहतरीन ज़िंदगी जीने की हिदायत और राहबरी मौजूद है लेकिन हम अब भी ग़फलत में ही जी रहे हैं !

दरगाहें और आस्ताने क़ायम हुए हिदायत और राहबरी पाने के लिये, लेकिन हमारी ग़फलत, लालच ने उन्हें भी अपनी जायज़-नाजायज़ ख़्वाहिशात को पूरा करने का जरिया बना लिया, हीरे की खानों में हम कोयले तलाश करते घूम रहे हैं !

दरगाहों और अल्लाह के वलियों के आस्ताने पर हम सब लोग जाते हैं हाज़री के लिये, रूहानी तरक़्क़ी के लिये, लेकिन क्या हमारा हाज़िर होना, कुबूल होना, कुबूल होता है ? इस बारे में हम अंजान हैं !

दरअसल दरगाह पर या किसी भी अल्लाह के वली के आस्ताने पर, अल्लाह की किसी भी निशानी पर, हाज़िर होने का जो अदब और तरीक़ा है उससे हम नावाक़िफ हैं अगर हम तसव्वुफ और तरीक़त के पहलू से ये समझ सकें कि किस तरह हाज़िर हुआ जाता है तो बेशक हमें बहुत कुछ अता होता है!

लेकिन क्योंकि हम अदब और तरीक़ा नहीं जानते इसलिये फायदा हासिल नहीं कर पाते, हमें तरीक़ा और अदब सीखना ही होगा जिससे हम किसी भी दरगाह या आस्ताने से रूहानी फैज़ तरक़्क़ी, रहमत, बरकत हासिल कर सकने के क़ाबिल हो जायें !

तसव्वुफ के इस ख़ादिम ने, तसव्वुफ, तरीकत और जो तजुर्बा इसे अता किया उसके तहत आपके सामने कुछ अदब और हाज़री का तरीक़ा पेश किया है आप समझदारी से इस पर ग़ौर और फिकर करें, अमल करें यकीनन हमारी हाज़री कुबूल होगी – आमीन

ge lgh jkLrs ij] tks r>s lUnsg ls ij
pyus dk] bjknk] oknk] vkj vgn djrs gS !

आगे पेश किये गये सभी अलफाज़ रस्मी, तकलीदी, आम लोगों के लिये नहीं है बस हक़ीक़त जान लेने के तलबगार, कुछ समझदार लोगों के लिये है ! बाक़ी सब से, ये गुलाम माफी का तलबगार है !

सज्जादा नशीन

ejdt r l0oQ

l¸;n veh: íhu

Ph. : 09899943607

ख़ादिमे तसव्वुफ

lQh x;kl íhu 'kkg

ejdt r l0oQ

1011-E-फर्स्ट, दरगाह

सरकार ख़्वाजा क़ुतबुद्दीन

बा–इख़्त्यार काकी कु.सि.अ.

वार्ड नं0 7, महरौली

नई दिल्ली – 110030

Ph. : 7838116286

शुरू अल्लाह के नाम सात - साथ जो बड़ा मेहरबान निहायत रहम वाला है !

बारीये तआला ने अपनी किताब में फरमाया -

"आप फरमा दें के मैं तुम से इस का कोई बदला नहीं मांगता, बस जो मेरे क़रीब हैं उनसे मोहब्बत करो और, जो कोई नेक काम करेगा तो हम उसके लिये इसमें नेकी बढ़ा देंगे बिना शक अल्लाह तो बड़ा मआफ करने वाला और शुक्र अदा करने वाला है" ! (सूरह शौरा 42 - आयत 23)

तशरीह : बारीये तआला के हुक्म को सरकारे दो आलम ने फरमाया के लोगों, जो कुछ भी नेमतें तुम्हारे पास है जो सब कुछ तुम्हारे पास है और मेरा दिया हुआ है उसके बदले में, मैं तुम से कुछ नहीं चाहता, कोई बदला नहीं चाहिये हाँ मगर जो अल्लाह के रसूल के करीब हैं वो अल्लाह के करीब हैं बस ऐ लोगों उनसे मोहब्बत करो और उनसे मोहब्बत करने के बाद अगर कोई नेक काम करेगा तो हम उन मोहब्बत करने वालों के लिये नेक काम में, नेकी बढ़ा देंगे यानि जो लोग अल्लाह तआला और उसके नबी के करीबी हो जाने वालों से मोहब्बत करेंगे तो बारीये तआला आम लोगों के मुकाबले उन्हें ज़्यादा नेकी और ज़्यादा अच्छा बदला देगा !

साबित हुआ के नेक काम और अमल का ज़्यादा अच्छा बदला पाने के लिये, जो अल्लाह और उसके रसूल के करीब हैं उनसे मोहब्बत करना बेहद ज़रूरी है!

अब आयत का बाक़ी हिस्सा ज़्यादा गहराई रखता है ''बिना शक अल्लाह तो बड़ा मआफ करने वाला और शुक्र अदा करने वाला है'' यानि जो करीब हो गये अल्लाह के, उसके रसूल के, अल्लाह उन्हें मआफ तो कर ही देगा साथ ही साथ उनका शुक्रिया भी अदा करेगा !

ये बड़े कमाल की बात है जो अल्लाह और उसके रसूल से करीब वालों से मोहब्बत करेंगे वो बख़्शे तो जायेंगे ही साथ-साथ अल्लाह उनकी क़द्र करेगा उनका शुक्रिया अदा करेगा ! हमारे लिये तो हमारा बख़्शा जाना ही काफी है अल्लाह का शुक्रिया तो हमें दिन रात अदा करते रहना चाहिये यहाँ अल्लाह तआला शुक्रिया अदा करने और क़द्र करने की फरमा रहा है !

कौन है वो जिनसे मोहब्बत करने पर अल्लाह तआला हमें माफ भी करेगा और हमारा शुक्र भी अदा करेगा, क़द्र भी करेगा और अल्लाह जिसकी क़द्र करे, जिसका शुक्रिया अदा करे वो कितना अज़ीम होगा !

तश्शरीह ख़त्म

अल्लाह तआला ने हमें किनसे मोहब्बत करने का हुक्म दिया है इसका जवाब पाने के लिये हमें फिर से अल्लाह की किताब से ही जवाब तलाश करना पड़ेगा आईये मिलकर तलाशते हैं और समझने की कोशिश करते हैं !

अल्लाह तआला ने अपनी किताब में फरमाया -

''बेशक अल्लाह के वलियों को ना कोई ख़ौफ है ना डर, ना ग़म''

(आयत किताबे अल्लाह) इस आयत के गहरे छुपे मायनों से हमें इशारा मिलता है के अल्लाह तआला के करीब कौन है ! समझदारों के लिये इशारा काफी होता है !

एक और आयत है –

''जो अल्लाह की राह में शहीद हो गये उन्हें मुर्दा ना कहो वो ज़िन्दा हैं और हम उन्हें रिज़्क भी पहुँचाते हैं ''

¼vk; r fd rkc vYykg ½

शहीद हो जाने के दो मायने हैं एक तो अल्लाह के लिये लड़ते-लड़ते शहीद हो जाना और दूसरे हैं अल्लाह तआला के हुक्मों के मुताबिक अपनी मर्जी, ख़्वाहिश छोड़ कर बस उस का उसी का होकर जीना, अब अपनी मर्जी -ख़्वाहिश कुछ नहीं बस जो वो चाहे जैसा वो चाहे वैसा ही ख़ुशी-ख़ुशी जियेंगे !

''उन्हें मुर्दा ना कहो वो ज़िन्दा हैं''

मुर्दा ना कहो, के मायने ये हुए के उन्हें अन्दर से भी मुर्दा ना समझो वो तो वासिल बा हक़ हो गये फना-फि-अल्लाह के मकाम पर हैं जब ख़ुदा ज़िन्दा है और जिन्दों का ख़ुदा है तो जो वासिल बा ख़ुदा हो गया वो कैसे मर सकता है वो जिन्दा हैं हयात हैं !

''हम उन्हें रिज़्क भी पहुँचाते हैं''

यानि हज़रत मूसा अ.स. की कौम को जिस तरह मन-सलवा पहुँचता था उस तरह या वो लोग जो दुनिया में ज़िन्दा हैं लेकिन दुनिया के लिये नहीं बस आख़रत के लिये

ज़िन्दा हैं !

इस आयत में भी इशारा है उन लोगों की तरफ जिनसे हमने मोहब्बत करनी और रखनी है और मोहब्बत का बदला मोहब्बत ही है !

एक और पहलू से भी हम इस बात को समझने की कोशिश करते हैं !

हज़रत मूसा अ.स. जब तीस जमा दस चालीस रातों के लिये कोहेतूर पर गये तो हज़रत हारून अ.स. को क़ौम की राहबरी और हिदायत के लिये अपने पीछे छोड़ गये, तो जब हज़रत मूसा अ.स. ने अपनी क़ौम को बिना हादी और बिना राहबर के नहीं छोड़ा तो ये कैसे मुमकिन है सरकारे दो आलम अपनी ज़ाहिरी ग़ैर-मौजूदगी में अपनी उम्मत को बिना हादी और राहबर के छोड़ दें ? नामुमकिन है !

जो बात चल रही है उसी बात को ज़्यादा गहराई से समझने के लिये ये समझ लेना जरूरी है के अल्लाह तआला हिदायत देने वाले, हादी और सही राह दिखाने वाले को पहले भेजता है और हिदायत लेने वालों को बाद में, ये बारीय तआला की हिकमत है और ये इसलिये है के लोगों को ये शिकायत ना हो के हम हिदायत किस से हासिल करते ? और हिदायत लेने वाले अपनों में से ही, अपना जैसा हादी ना चुन लें ! पैग़म्बर हादी-राहबर को चुन कर भेजना या पैग़म्बर के जरिये हादी और राहबर का चुनना, अल्लाह तआला का काम है कोई चुनाव या इलेक्शन नहीं है !

vk;r

‘‘ आज के दिन तुम्हारे दीन से काफिर मायूस हो गये, ना उम्मीद हो गये तो तुम उन से मत डरो, और मुझ से डरते रहो आज के दिन तुम्हारे लिये दीन को मैंने मुकम्मल कर दिया और मैंने अपना ईनाम–नेमत तुम पर पूरी कर दी और मैंने तुम्हारे लिये इस्लाम को बा तौर दीन पसंद किया ’’

lqjg ek;nk 5 & vk;r 2

bl vk;r dk 'kkuu utqy&rQlhj vkj r'kjhg

जब सरकारे दो आलम आख़री हज से फारिग़ होकर मदीना मुनव्वरा की तरफ चले तब 18 जिलहिज्ज़ा हिज़री 10 को ग़दीर ख़ुम्म के मैदान में ये आयत नाज़िल हुई तब जबकि सरकारे दो आलम ने हज़रत मौला अली का हाथ अपने हाथ में लेकर उठाया और फरमाया ^^ft ldk eekykg vyh ml dk eekykg**

इस ग़ुलाम की समझ में ये अब तक ना आया के जब विरासत–विलायत का आम ऐलान हो गया तो सरकारे दो आलम के ऐलान को दरकिनार करके क्यों–कर चुनाव और इलेक्शन के जरिये किसी और को ख़लीफा चुना गया ख़लीफा और हादी और राहबर चुनने का काम इलेक्शन के जरिये नहीं होता !

अब जब मौला अली के ज़ाहिरी–बातिनी–इल्मी विरासत का ऐलान ख़ुम ग़दीर में हुआ तो वहाँ तो सब

मुसलमान ही मौजूद थे और हाजी भी थे असहाब भी थे तो इस वक्त अल्लाह तआला ने ये वही क्यों भेजी के " आज के दिन तुम्हारे दीन से काफिर मायूस और ना उम्मीद हो गये " उस मैदान में कोई काफिर तो था ही नहीं फिर काफिर किसको पुकारा गया !

हक़ीक़त ये है के उन असहाब, हाजी और मुसलमानों के गिरोह में कुछ लोग सिर्फ नाम के मुसलमान - असहाब, हाजी थे उनका इरादा था के पैग़म्बर और नबी के वस्ल के साथ उनके कानून यानि अल्लाह की किताब भी दफन कर देंगे और वो ही बेहयाई - बेशर्मी जो अल्लाह तआला को नापसन्द है वो ही शुरू कर देंगे ! पहले की उम्मतें भी ऐसा कर चुकी हैं लेकिन जब सरकारे दो आलम ने हज़रत मौला अली को अपना वारिस करार दिया तो उन मुसलमानों के भेस में छुपे काफिरों के इरादों पर बिजली गिर गई तब ये आयत नाज़िल हुई के " आज के दिन काफिर तुम्हारे दीन से मायूस और ना उम्मीद हो गये "!

अब जब पौशीदा और छुपे तौर पर रिसालत और नबुवत के मक़ाम का नाम बदलकर विलायत मकाम हो गया और हज़रत अली हर किस्म और तरीके से विलायत और विरासत पा गये तब अल्लाह तआला ने वही के जरिये ये आयत नाज़िल फरमाई के " तुम उनसे ना डरो सिर्फ मुझसे डरो आज के दिन, दीन मुकम्मल हो गया और तुम पर अपना ईनाम और नेमत पूरी कर दी और तुम्हारे लिये दीने इस्लाम को पसंद किया " !

अब समझदार लोगों की समझ में आ गया होगा के अल्लाह तआला ने किन से मोहब्बत करने का तकाज़ा किया है, हुक्म दिया है और वो कौन पाकीज़ा लोग हैं ? वो पाकीज़ा लोग हैं आले रसूल, कुछ ख़ास असहाब, अल्लाह के वली और वो कामिल ओ अकमल सूफी हज़रात जो इनके नक्शे क़दम पर चलकर हक़ीक़ी इस्लाम की तबलीग़ कर रहे हैं अल्लाह तआला के कानूनों के मुहाफिज़ बनकर पेशवाओं की सुन्नत को क़ायम-दायम करने में लगे हैं हमें उनसे मोहब्बत करनी और रखनी है !

अब समझने वाली बात ये है के अल्लाह की किताब से बड़ी कोई किताब नहीं है उसके हुक्म को हमने समझ लिया जान लिया तो अब कोई भी आलिम - मुल्ला या फिरक़ा, चाहे वो बात को कितनी भी घुमा - फिराकर कहे या लिखें या छपवायें, और अक्सर आलिम - मुल्ला और फिरके हमें अल्लाह की किताब और हदीसों के नाम पर ही उनके मायने तोड़ मरोड़कर पेश करते हैं और हमें गुमराह करते हैं उनसे बचकर, अल्लाह की किताब का सीधा हुक्म मानना है और उनसे मोहब्बत करनी और रखनी है जिसका हुक्म अल्लाह तआला ने हमें दिया है !

हमें अल्लाह के करीब हो जाने वाले आले रसूल से मोहब्बत का हुक्म मिला है तो पहले हुए - आले रसूल हसनी और फिर हुए आले रसूल हुसैनी और फिर हुए आले रसूल हसनी - हुसैनी फिर औलादे असहाब ऐ वफादार और ख़ास और फिर अल्लाह के वलियों की दरगाहें और

आस्ताने !

क्योंकि ये चन्द अलफाज़ जो आपकी ख़िदमत में पेश किये जा रहे हैं ये इन्हीं सब पाकीज़ा लोगों की दरगाहों और आस्तानों में हाज़री देने के आदाब और तरीकों के बारे में है इसलिये कुछ लफ्ज़ों के मायने समझने बेहतर रहेंगे !

njxkg% दरगाह लफ्ज़ के हक़ीक़त के मायने होते हैं –

(1) दरबार (2) कचहरी (3) अदालत ! ये तीन मायने दरगाह लफ्ज़ के असली हैं और इन तीनों जगह पर इन्साफ होता है रस्मों को मानने वाले लोगों ने दरगाह लफ्ज़ के मायने बदलकर ना जाने क्या – क्या मशहूर कर दिये हैं और नासमझ लोग उन्हीं मायनों को सही समझते हैं !

अब जब हम दुनिया की किसी भी अदालत में जाते हैं तो वकील – अच्छे वकील को पहले अपनी हिमायत, अदालत के सामने रखने के लिये बा अदब होकर, और उस तरीके से बाअदब होकर जाते हैं जो अदब कचहरी ने मुकर्रर कर रखा है जितनी बड़ी अदालत या कचहरी उतने ज़्यादा आदाब ! इसके बाद हर कचहरी या अदालत के काम करने का तरीका होता है पहले ये फिर ये इसके बाद वो, तब जाकर अगर हम हक़ पर हैं तो फैसला हमारे हक़ में होता है जब फानी और ख़त्म हो जाने वाली दुनिया की चीजों के लिये हमें अदब और तरीक़े की ज़रूरत होती है तो क्या रूहानी अदालत यानि दरगाह जहाँ पर दुनिया और आख़रत के फैसले होते हैं वहाँ तरीक़े और अदब की जरूरत नहीं होगी?

बेशक होगी, और ज़्यादा रूहानी अदब और तरीके की जरूरत होगी और अगर हम बेअदब-बे-तरीके से दुनिया की अदालत में जाते हैं तो हमें कचहरी से इन्साफ तो बाद में मिलेगा लेकिन हमें अदालत और कचहरी से अदालत की बेहुरमती, अदब से ना रहने की सज़ा पहले मिल जायेगी !

अब अगर इस ग़ुलाम की बात का आप मक़सद समझ गये होंगे तो ये भी समझ गये होंगे के क्यों अल्लाह के वलियों - के आस्तानों पर दरगाहों पर हमारी दुआ क़ुबूल नहीं होती दरअसल दरगाहों पर हाज़िर होने से पहले हमें दरगाह पर हाज़िर होने के आदाब सीखने ही होंगे वरना ख़ाली दामन ही वापस आयेंगे और ये भी हो सकता है के अदब और तरीका ना जानने की वजह से अपनी बे अदबी की सज़ा साथ लेकर लौटें !

vkLrkuk% आस्ताना लफ्ज़ के मायने होते हैं (सीखने की जगह) यानि हक़ीक़ी इल्म-शऊर ज़िंदगी जीने का सही तरीक़ा सीखने की जगह, जैसे स्कूल - कॉलेज - यूनिवर्सिटी वग़ैरह - बस फर्क ये है के इन जगहों पर दुनिया का इल्म सिखाया जाता है लेकिन आस्ताने और दरगाहें हक़ीक़त का रूहानी इल्म, ज़िंदगी जीने का सही तरीक़ा, अदब, शऊर, सीखने की जगह है लेकिन अफसोस के साथ ये कहना पढ़ रहा है के कुछ लोगों ने तो आस्तानों और दरगाहों को सिर्फ जायज़ - नाजायज़ ख़्वाहिश पूरी होने की जगह समझ लिया है और कुछ लोगों और सरकारी महकमों ने दरगाहों और आस्तानों को अपनी कमाई का ज़रिया समझ लिया है कुछ

लोगों ने मन्नतें मांगने की जगह समझ लिया है !

ये तसव्वुफ का ख़ादिम ये नहीं कह रहा के दरगाहों और आस्तानों पर ख़्वाहिश या मन्नतें पूरी नहीं होती, ये गुलाम सिर्फ ये कहना चाह रहा है दरगाहें और आस्तानें सिर्फ और सिर्फ ख़्वाहिशें पूरी हो जाने, मन्नतें पूरी हो जाने की ही जगह नहीं है बल्कि उस से और बहुत ज़्यादा कीमती जगहे हैं !

दरगाहें और आस्ताने तो अल्लाह तआला की निशानियाँ हैं ये जगहें तो बारीये तआला को जानने, पहचान लेने, मआरफत हासिल कर लेने की जगह हैं निशानी उस को कहते हैं जिस से उसकी पहचान हो जाये जिसकी वो निशानी है ये बारीये तआला की मर्ज़ी और इख़्त्यार है के वो जिसे चाहे अपनी निशानी करार दे बारीये तआला ने हज़रत सालेह अ.स. की ऊँटनी को भी, जो कि नजासत भी करती थी अपनी किताब में, अपनी निशानी करार दिया तो अल्लाह तआला के वलियों के आस्ताने तो अल्लाह तआला की निशानी होंगे ही ! अगर हम अल्लाह तआला के वलियों की दरगाहों और आस्तानों का उस तरह अदब और एहतराम नहीं करेंगे जैसा के करने का फर्ज़ और हक़ है तो हमारा हाल भी वैसा ही होगा जैसा हज़रत सालेह अ.स. की क़ौम का हुआ था और होगा क्या ? हो रहा है बस तरीक़ा दूसरा है लेकिन हम रस्मों में इतने उलझे हुए हैं के अपनी बरबादी देख ही नहीं पा रहे हैं !

अल्लाह तआला ने अपनी किताब में जो बार-बार अपने क़रीबी और वलियों से मोहब्बत का हुक्म दिया है और उनकी शान के बारे में फरमाया है हमें सीधा-सीधा ये हुक्म मानना है और पूरी तरह दिल से मानना है !

कुछ गिरोह और फिरकों ने अल्लाह की किताब, हदीसों के तर्जुमें बदले, बेशक कुरान नहीं बदला जा सकता हक़ीक़त में कुरान बदला नहीं जा सकता, लेकिन फिर भी कुरान को बदला गया, तफसीर - तर्जुमा - शाने नुज़ूल को बहाना बनाकर अल्लाह की किताब पर अपनी समझ थोपकर उसे बदला गया अब अरबी में तो अल्लाह की किताब वो ही है बस ज़ेर और ज़बर और पेश का इज़ाफा किया गया लेकिन हमारी समझ में अल्लाह की किताब के हक़ीक़ी मायने नहीं है बल्कि वो मायने हैं जो फिरकों के मुल्लाओं ने और उस फिरके से ताल्लुक़ रखने वाले लोगों ने हमें समझाये हैं और इसका सबसे बड़ा सुबूत ये है अल्लाह की एक किताब है सबके लिये एक हुक्म है लेकिन सब अपने-अपने तरीक़े को सही मानकर अपनी मर्ज़ी चला रहे हैं !

अब क्योंकि हमने अल्लाह की किताब का सीधा-सीधा हुक्म समझ लिया है तो किसी भी गिरोह का कोई भी आदमी कुछ भी कहता रहे लेकिन हमने, जो अल्लाह के क़रीब हैं उसके वली हैं उनसे मोहब्बत करनी हैं !

एक मीठी और समझने की बात ये गुलाम आपकी ख़िदमत में पेश करना चाहता है वो ये है के अल्लाह की

किताब, अल्लाह तआला ने इन्सान की बेहतरी के लिये बनाये गये क़ानून, इन्सान मानें, अमल करे इसलिये नाज़िल फरमाई यानि अल्लाह की किताब तदब्बुर और तफक्कुर के लिये है समझने और अमल करने के लिये है अल्लाह की किताब को समझने और उस पर अमल करने में इन्सान की बेहतरी है असली भलाई समझने में है और अमल करने में है लेकिन जिस मक़सद से अल्लाह तआला ने अपनी किताब उतारी वो मक़सद तो ख़त्म हो गया बस पढ़ना-रटना, दोहराना रह गया, पढ़ना-रटना-दोहराना, याद करना - हाफिज़ हो जाना, ग़लत बात नहीं है लेकिन अल्लाह तआला की किताब के नाज़िल होने का मक़सद सिर्फ पढ़ना, रटना, दोहराना हाफिज़ हो जाना नहीं है ! बल्कि समझना और अमल में लाना है !

आजकल जो माहौल है वो आप भी जानते हैं के पढ़ना, रटना, दोहराना रह गया है समझना और अमल में लाना बिल्कुल ख़त्म हो गया है और तो और वो लोग भी जो अपने आप को हाफिज़ कहलवाते हैं वो भी एक बार हाफिज़ की सनद लेकर भूल जाते हैं और सिर्फ रमज़ानों से पहले, कमाने की वजह से दिन भर दोहराते हैं और रात को सुना देते हैं ! तसव्वुफ के इस ख़ादिम के एक हाफिज़ साहब मुरीद हैं वो बारह मेहराबें सुना चुके हैं यानि तरावीह में बारह बार अल्लाह की किताब सुना चुके हैं उनके ज़रिये इस गुलाम को पता चला के रमज़ान के महीने में अरबी ज़बान में कुरान सुनाने वाले हाफिज़ और लुक़मा देने वाले हज़रात के बीच में

एक मुआयदा पहले से तय होता है के लुक़मा देना भी है या नहीं और देना है तो कहाँ देना है इससे आप काफी कुछ समझ सकते हैं !

पढ़ना होता ही समझने के लिये है जो समझा नहीं गया वो पढ़ना बेकार है तो अब तक जो आपने यहाँ पढ़ा क्या वो समझ लिया रूकिये, और ये सवाल अपने आप से पूछिये अगर आपके अन्दर से जवाब हाँ आये तो आगे पढ़िये वरना दोबारा ग़ौर से पढ़ना शुरू कीजिये !

हमें ये याद रखना चाहिये के कुरान का हाफिज़ होना अलग बात है और कुरान का मुहाफिज़ होना अलग बात है हाफिज़ वो होता है जो रट्टा मारकर याद करता है दोहराता है क़ौम को अपनी समझ से कुरान के मायने समझाता है इसीलिये यज़ीद बिन माविया ने पहले 50,000 हाफिजों को इनाम देकर उनसे बैत ली और बाद में मस्जिद के मेम्बर पर बैठकर अपने वालिद की बहन फुप्पो से निकाह को जायज़ करार दिया जो कि कुरान के बिल्कुल ख़िलाफ था यज़ीद को ये मालूम था के हाफिज़ तो मेरे गुलाम हैं ही, अब ख़ुदा के कानून को बदलने से मुझे कौन रोकेगा ?

कुरान का मुहाफिज़ वो होता है जो हर हालत में चाहे जान जाये, कितना भी ज़ुल्म हो लेकिन अल्लाह तआला के कानूनों पर अमल करता है उसके कानूनों की हिफाज़त करता है इसीलिये इमाम आली मकाम हज़रत हुसैन ने नेज़े के ऊपर रखे सर से कुरान सुनाकर हमारे सामने मिसाल पेश की के कुरान के मुहाफिज़ ऐसे होते हैं ? समझ रहे हैं ना

भाई आप ! हाफिज़ होना सस्ती बात है मुहाफिज़ होना बहुत बड़ी – बहुत बड़ी – लायके ताज़ीम कैफियत है !

मेरे अज़ीज़ दोस्त, अब हमने ये समझ लिया के अल्लाह तआला ने अपनी किताब में दिये गये कानूनों पर अमल करने, अमल कराने वालों को अपना क़रीबी और वली क़रार दिया है और हमें उनसे मोहब्बत करने का हुक्म दिया है और मोहब्बत ये तकाज़ा करती है के हम उन से सीखें उनकी ज़िंदगी से कुछ सीखें, और अमल में लाकर अपनी ज़िंदगी को दुनिया और आख़रत के लिये बेहतर बनायें !

अल्लाह की किताब में ये भी साफ – साफ फरमाया गया है के –

(1) अल्लाह के क़रीबी और वली ज़िन्दा हैं

(2) उन्हें ना मुर्दा कहना चाहिये ना मुर्दा समझना चाहिये

(3) अल्लाह के क़रीबी वलियों को कोई ख़ौफ या ग़म नहीं है !

(4) हमें अल्लाह के क़रीबी वलियों से मोहब्बत करनी और रखनी है !

अब किताबें अल्लाह की आयत से ये साफ–साफ साबित हो गया के सबसे पहला क़ीमती अदब और तरीक़ा ये है के हम साहिबे मज़ार को मुर्दा ना समझकर ज़िन्दा समझकर हाज़िर हों, जब हम किसी भी सरकारी दफ्तर में जाते हैं तो कितना अदब का ख़्याल रखते हैं के कहीं कोई ग़लती ना हो जाये लेकिन अल्लाह के क़रीबी वलियों की

दरगाहों पर हम बे अदब रहते हैं क्यों ? इसकी दो वजहे हैं पहली वजह तो ये है के हमारे अन्दर की आँख खुली नहीं है जिससे हम साहिबे मज़ार को ज़िन्दा, हयात देख सकें हम कहते तो हैं के अल्लाह के वली ज़िन्दा हैं हयात हैं लेकिन हमारा दिल और बाहर की आँख ये ही दिखाती है के मज़ार है बस, हम कहने और करने में झूठे हैं कहते कुछ और हैं सोचते कुछ और हैं दूसरी वजह ये है आस्ताने और मज़ार के आस-पास, नज़दीक वो लोग जो अपने आप को दरगाह - आस्ताने - मज़ारे अक़दस का वारिस या पीरज़ादा - साहिबज़ादा - सज्जादा नशीन कहलवाते हैं या किसी कमेटी के मुलाज़िम या किसी सरकारी महकमे के मुलाज़िम, जो मज़ारे अक़दस के नज़दीक बहुत नज़दीक रहते हैं उन्हें ख़ुद अदब और तरीके का पता नहीं है वो तो सब बस पैसों के चक्कर में रहते हैं कभी किसी दरगाह पर हाज़री हो तो ग़ौर से देखें इन लोगों को, साफ समझ में आ जायेगा के वो साहिबे मज़ार को कुरान के सरासर ख़िलाफ जाकर सिर्फ मुर्दा और मज़ार समझ रहे हैं !

मज़ारे अक़दस पर नज़राने के फूल पेश करना अलग बात और तरीक़ा है ! और मज़ार पर फूल फेंकना अलग बात और तरीक़ा है पहले देखो, ग़ौर से देखो फिर मज़ारे अक़दस पर फूल - अतर चादर अदब से पेश करो फूल फेंको नहीं अब जब मज़ारे अक़दस के आस-पास रहने वाले ही बेअदब और ग़फलत से चूर हैं तो आने वाले मेहमान भी उन्हें देखकर वैसा ही करते हैं हमें जागना ही

होगा, होश में आना ही होगा !

अब जो बात गुलाम आपके सामने पेश करने जा रहा है वो बात आपको कुफ्र लग सकती है ! आप नाराज़ भी हो सकते हैं लेकिन पहले ठण्डे दिल से समझ लेना – कुरान उनको बख़्शा जाता है जो ख़ुद पढ़ और सुन नहीं सकते, कुरान के मुताबिक जो ज़िन्दा हैं क्या उन्हें ही कुरान सुनाना समझदारी है ज़िन्दा कुरान के वारिसों को साक़ित कुरान सुनाना समझदारी नहीं है ये गुलाम कुरान पढ़ने की मुख़ालफत नहीं कर रहा, जो समझते नहीं है अमल नहीं करते उसकी मुख़ालफत कर रहा है जो समझ गये ? वो ज़िन्दा कुरान के सामने साक़ित कुरान नहीं दोहराते वो तो बस नज़रे करम के सवाली होते हैं !

अल्लाह के क़रीबी वलियों की दरगाहें वो जगह हैं के यहाँ वो मिलता है जिसके मिलने के बाद किसी चीज़ की ज़रूरत नहीं रहती और वो मिलता है जिसे मौत भी नहीं छीन सकती अब भी बाक़ी रह गया क्या कुछ !

आगे अल्लाह तआला ने अपनी किताब में फरमाया के '' अल्लाह तआला के क़रीबी वलियों को कोई ख़ौफ या ग़म नहीं है '' बेशक जो अल्लाह के क़रीब हो गये उनको कोई ख़ौफ या ग़म क्यों होगा ? वो तो अल्लाह के करीब हो गये तो साबित हुआ के जो अल्लाह के करीब हो जाता है उसे फिर कोई ख़ौफ या ग़म नहीं होता तो फिर दरगाहों पर हाज़िर होने का मक़सद सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला के करीब होना चाहिये और अल्लाह तआला के करीब वो ही

करा सकता जो पहले अल्लाह तआला के क़रीब हो चुका हो ये उसकी मर्ज़ी है के वो हमारे हाज़िर होने का तरीक़ा और अदब देखकर सिफारिश करता है या नहीं !

अल्लाह तआला ने पहले ही अपनी किताब में फरमा दिया के बस वो कुछ ख़ास लोगों की सिफारिश क़ुबूल फरमाता है ! जब हम उनके यहाँ जा रहे हैं जिनकी सिफारिश अल्लाह तआला क़ुबूल फरमाता है तो हमारा तरीक़ा और अदब ये होना चाहिये के हम सिर्फ और सिर्फ, रूहानी तरक्की, रूहानी फैज़, अन्दर की पाकी, उनके नक्शे क़दम पर चलने की तौफीक़ अता हो सिर्फ ये ही दुआ करें उन्हें सब पता है क्यों फालतू की दुआ मांगते हो हमारे अन्दर - बाहर की हालत - कैफियत - हमारा लालच - हमारी ख़्वाहिशें सब पता हैं और दरगाह इन्साफ करने की जगह तो है ही !

इस ग़ुलाम की ज़िंदगी के 54 साल दरगाह सरकार ख़्वाजा क़ुतबुद्दीन बा-इख़्त्यार काकी क़ु.सि.अ. में गुज़रे हैं इसके अलावा ये ग़ुलाम सैंकड़ो दरगाहों पर ज़ियारत हो और हाज़री क़बूल हो इसलिये सफर कर चुका है लेकिन अफसोस के इस ग़ुलाम ने बेहोशी - बेअदबी ग़फलत - बे-शऊरी और बस पैसों का लालच ही पाया ये कोई सोचता ही नहीं के जिस वली की दरगाह है उस वली की तालीम को कैसे आगे फैलाया जाये लेकिन बस कुछ दरगाहें, बस कुछ दरगाहें इससे बची हुई हैं !

आगे आयत में हमें अल्लाह के करीबी वलियों से मोहब्बत करने और रखने का हुक्म मिला है इस आयत में सबसे ज़्यादा ग़ौर और फिकर से समझने लायक़ अलफाज़ मोहब्बत है मोहब्बत किसे कहते हैं ये समझने की कोशिश करते हैं मोहब्बत के लिये ये ज़रूरी है के मोहब्बत करने वाला, मोहब्बत के बदले कुछ भी चाहता नहीं है ये ग़ुलाम यहाँ हक़ीक़त की मोहब्बत की बात कर रहा है वरना इस ज़माने में तो हवस और ख़्वाहिश पूरी होने के लिये मोहब्बत का दावा किया जाता है !

ekgCcr dk nkok vkj m l ij ;l ukQjekfu ;k
vYykg&vYykg g fdru gjr dh ckr

ekgCcr dju okyk rk jgrk g lnk gh xyke
ok rk djrk g lnk gh xykeh dh ckr

हक़ीक़त की मोहब्ब्त में, मोहब्बत करने और रखने वाला हमेशा ही उसकी पसंद का ख़्याल रखता है जिससे वो मोहब्बत करता है अपनी मर्ज़ी नहीं चलाता - समझदार को इशारा काफी होता है तो दरगाहों पर जहाँ हम हाज़री देने जा रहे हैं बस उनकी पसंद का ख़्याल रखना है वहाँ नज़दीक रहने वालों की पसंद का ख़्याल नहीं रखना बस उसकी पसंद का ख़्याल रखना है जिससे मोहब्बत करने का अल्लाह ने हमें हुक्म फरमाया है !

अब हमें ये कैसे पता चले के जिस दरगाह पर हम हाज़िर हुए हैं उन्हे क्या पसंद है ? अब ज़रा ग़ौर फरमायें -

जहाँ हम हाज़िर हुए हैं वो बुज़ुर्ग अल्लाह तआला और उसके रसूल और मम्बए विलायत के हुक्मों को मानकर - पूरा अमल करके ही तो इस मक़ाम पर पहुँचे हैं मम्बाये विलायत का हुक्म, अल्लाह के रसूल और नबी के हुक्म से अलग नहीं है तो और अल्लाह के रसूल और नबी का हुक्म, अल्लाह तआला के हुक्म से अलग नहीं है तो बस अल्लाह तआला का हुक्म मानकर उसे पूरा करो यही तो साहबे मज़ार को पसंद है कुछ और बातें समझने के क़ाबिल है उन्हें भी ध्यान से समझ लीजिये !

(1) आस्ताना क्योंकि सीखने की जगह को कहते हैं इसलिये सीखने के लिये पहले दिमाग़ को फालतू बातों से ख़ाली कर लीजिये !

(2) आस्ताना-ऐ-अक़दस से थोड़ी दूरी पर आरामदेह हालत में बा अदब होकर बैठ जाईये ! कम समझदार और दिखावा करने वाले लोग हैं वो जो मज़ारे अक़दस से क़रीब से क़रीब होने की कोशिश करते हैं वो ये नहीं जानते के दरगाहों पर जिस्मानी नज़दीकी बे-अदबी और बेकार है यहाँ तो रूहानी तौर पर नज़दीक होना है जिस्म चाहे दूर रहे !

(3) अब जब आप दिमाग़ को फालतू बातों से ख़ाली करके बा-अदब आराम से बैठ गये तब दिल से अपने आपको साहिबे मज़ार से जोड़ने की कोशिश कीजिये, अपने अन्दर जाने की कोशिश कीजिये, बाहर की बातों पर ध्यान मत दीजिये, कानों में रूई लगा लेना भी बेहतर है ये मददगार साबित होगा अपने ही अन्दर जाने में और साहिबे मज़ार से रूहानी तौर पर जुड़ जाने में !

(4) अब ये हालात हो जाने के बाद अपने अन्दर कुछ सुने सुनने की कोशिश कीजिये आपके अन्दर कोई और बोलेगा और यक़ीनन वो हक़ और आपके लिये पसंद बताने का ज़रिया होगी !

(5) अगर दिमाग़ फालतू बातों से ख़ाली नहीं हो रहा तो ये इस बात का सुबूत है आपने अपने दिमाग़ में फालतू कूड़ा करकट भर रखा है आप मोहब्बत के दावे में झूठे हैं तवज्जोह को बार-बार साहिबे मज़ार की तरफ लाईये यक़ीनन आपको साहबे मज़ार की पसंद समझ में आयेगी अब आपको अपनी वजह से वो ना पसंद हो तो बात और है !

(6) दरगाहों पर हाज़री के वक्त ख़ुद को अन्दर और बाहर से चुप कर लेना बेहतर होता है इससे साहिबे मज़ार से जुड़ जाने में आसानी होती है वहाँ मौजूद बाक़ी लोग ना-समझी में, तरीक़ा और अदब ना जानने की वजह से कुछ भी करते रहें आप उनकी तरफ तवज्जोह ना दें ! सन्नाटे को सुनने की कोशिश करें !

(7) जिस तरह रूई या स्पंज पानी को अपने अन्दर समो लेते हैं उसी तरह आप भी अपने वुजूद - जिस्म में वहाँ का रूहानी और पाक माहौल अपने अन्दर समोने की कोशिश करें !

jLe v tk jg x;h :g fcykyh uk jgh
Qy lQk jg x;k rydhu x tkyh uk jgh

अज़ान की भी बस रस्म सी रह गई है हज़रत बिलाल र.अ. जैसी तड़प और मोहब्बत नहीं रही बस बाहर-बाहर की दिखावे की हाज़री रह गई हज़रत इमाम ग़ज़ाली के नक्शे क़दम पर चलना खत्म हो गया !

cgk'k Hkh ge ykx gl xQyr Hkh gl rkjh
vQlkl dl vU/kk Hkh gl vkj lk Hkh jgl gl



दरगाह हज़रत ख़्वाजा कुतबुद्दीन बा-इख़्त्यार काकी (कु.सि.अ.)

ft;kjr % ज़ियारत लफ्ज़ के मायने हैं मुलाकात - मिलना - बातचीत करके कुछ सीखना सिर्फ घूमने - फिरने और रस्मी तौर पर मज़ारे अक़दस पर फूल चादर पेश करने को ज़ियारत नहीं कहते हैं !

अल्लाह की किताब से ये पहले साबित हो गया है के हमने मोहब्बत करनी है दरगाहों से -अल्लाह के वलियों से -और मुलाकात करनी है ! अब हमें सबसे पहले अपने आप से ये सवाल करना चाहिये के जिस दरगाह या आस्ताने पर हम गये वहाँ हमारी उस अल्लाह के वली से मुलाकात हुई भी या नहीं ? क्योंकि अल्लाह तआला ने तो अपनी किताब में फरमा दिया के " अल्लाह " के वली ज़िन्दा हैं उन्हें ना मुर्दा कहो ना मुर्दा समझो और उनको कोई ख़ौफ या ग़म नहीं है " तो मुलाकात और बातचीत तो होनी ही चाहिये अगर हमारी ज़ियारत - मुलाकात - बातचीत नहीं हो पाती तो इसका मक़सद हुआ के ज़ियारत ही नहीं हुई और ज़यादा बड़ी कमनसीबी ये के हम समझ रहे हैं के हम ज़ियारत कर आये !

अल्लाह ज़िन्दा है अल्लाह के वली ज़िन्दा हैं ज़िन्दों की ज़िन्दा से बात होती है मुर्दा हम हैं, बे होश, लापरवाह, ग़फलत में हम हैं हम सिर्फ दुनिया के ऐतबार से ज़िन्दा हैं हम मुर्दा होकर ही चल फिर रहे हैं सब काम कर रहे हैं लेकिन रूहानी तौर पर हम मुर्दा हैं क्योंकि हक़ीक़त में ज़िन्दा तो वो होता है जो होश में रहकर हर पल अल्लाह की याद में रहता है इस बात को समझने की कोशिश करो के

हम हर वक्त बाहर का कोई नशा किये बिना भी हम नशे में है ! शहवत का नशा, हवस का नशा, मालदार होने का नशा, सोने - चाँदी का नशा और ताकतवर होने का नशा और बहुत सारे नशे हैं जिन्होंने हमें मुर्दा बना दिया है अब अगर हम मुर्दा हैं और और अल्लाह के वली ज़िन्दा हैं तो हमारे मुर्दा होने की वजह से हमार ज़ियारत और मुलाकात नहीं हो पाती अब हमें ज़िन्दा होना है और यक़ीन जानो ये कोई बहुत बड़ा मुश्किल काम नहीं है बस इरादे और एक कामिल मुर्शिद की जरूरत है !

पहले बताया जा चुका है हमें अगर मोहब्बत है तो उनकी पसंद का ख़्याल रखना है अपनी पसंद और ख़्वाहिश को तो बिल्कुल छोड़ देना है हमारा ज़्यादा भला किस में है ये अल्लाह और उसके वली हमसे भी ज़्यादा जानते हैं हम तो हीरे की ख़दान में कोयले मांगने वाले लोग हैं !

अब हम समझ गये होंगे के अल्लाह के वली की ज़ियारत यानि मुलाकात के लिये हमें बेहोशी और ग़फलत छोड़कर - होश में रहना है तभी ज़ियारत, रूहानी फैज़ और तरक्की मुमकिन है !

नासमझ और झूठे और लालच से भरे हैं वो लोग, वो कमेटियाँ, वो महकमे जिन्होंने दरगाहों का असली मक़सद ख़त्म करके दरगाहों को दुकान बनाकर पैसा कमाने का ज़रिया बना दिया !

हक़ीक़त में अल्लाह के करीब हो जाने वाले वलियों की दरगाहें और आस्तानें, ज़िंदगी किस तरह जियें, ये

सीखने, राहबरी लेने की जगह हैं हमें सीखना है वहाँ जाकर के अदब और शऊर क्या होता है हम अन्दर और बाहर से कैसे पाक हों, हम वो ज़िंदगी कैसे जियें जैसी ज़िंदगी जीना बारीये तआला पसंद फरमाता है हमारी आख़रत कैसे अच्छी हो, हमारी दुनिया कैसे अच्छी हो और भी बहुत कुछ सीखना है बस सीखना ही है सीखना ज़िंदगी में कभी ख़त्म नहीं होता !

gk t jh% हाज़री लफ्ज़ हजूरी से बना है । हुजूर - हज़रत - हाज़िर ये सब एक ही गिरोह के अलफाज़ हैं हुजूर लफ्ज़ के मायने होते हैं जो हमेशा बारीये तआला के दरबार में हाज़िर रहे यानि हमेशा बारीये तआला की याद में रहे हाज़री का मक़सद होता है के किसी भी ग़ैब के इशारे से ये तय हो जाना के ज़ियारत - मुलाकात कुबूल हो गयी इसे फिर समझते हैं !

हर साल लाखों लोग हज करने जाते हैं हज लफ्ज़ के मायने हैं '' ख़ुद को बदलने के लिये अल्लाह के घर की ज़ियारत करना '' अब उन लाखों लोगों में से कितने लोगों का हज कुबूल होता है ? कितने लोग हाजी बनकर ख़ुद को बदल देते हैं ये अलग बात है लेकिन हक़ीक़त में कितने लोगों का हज कुबूल हुआ ये अल्लाह ही जानता है वैसे तो सब नियत पाक होने का दावा रखते हैं लेकिन हक़ीक़त में किसकी नियत पाक है ये अल्लाह ही जानता है और उसी का हज भी कुबूल होता है और उसे भी ग़ैब से इशारा भी मिल जाता है के हज कुबूल हुआ - ज़ियारत पूरी हुई !

बस इसी तरह किसी भी दरगाह पर हाज़री – ज़ियारत कुबूल हो तो ग़ैब से कुछ इशारे मिलते हैं ये दरगाहों पर हाज़री देने का दावा रखने वालों की नियत पर है बस हाज़री का मक़सद ये है के सिर्फ आप ही ना मान लें के मेरी ज़ियारत और हाज़री हो गयी जिस दरगाह पर आप गये हैं वहाँ से ग़ैब से कुछ इशारा मिले के ‘ हाँ ’ तुम्हारा आना कुबूल हुआ !

एक आदमी ने दूसरे इन्सान पर रौब जमाने की ग़रज़ से कहा “ मुझे ऐसा – वैसा ना समझना मैं प्रधान मंत्री को जानता हूँ ” दूसरे इन्सान ने सादगी से जवाब दिया “ क़ीमती ये नहीं के तुम प्रधान मंत्री को जानते हो क़ीमती ये हैं के प्रधान मंत्री ये कहें के हाँ मैं इसको जानता हूँ ” इसमें अच्छी समझ वालों के लिये इशारा है !

बस हाज़री हक़ीक़त की हाज़री उस हालात को कहा जाता है जब ग़ैबी इशारे से आपको पता चल जाये के ज़ियारत कुबूल हो गयी इसका तो लुत्फ ही कुछ और है !

सज्जादा नशीन
ejd t r l0oQ
l ¸ ;n veh : íhu 'kkg
Ph. : 09899943607



बदलते वक्त और लालची लोगों ने अल्लाह के क़रीबी वलियों की दरगाहों का मक़सद ही बदल दिया है बस दरगाहों पर जाओ, फूल अगरबत्ती पेश करो कुछ रटी रटाई दुआ करो लफ्ज़ो की तसल्ली ले लो और ग़फलत से भरे हुए ही, अपने लालच की वजह से वहाँ मौजूद लोगों का लालच पूरा करो, नज़राना दो वापस आ जाओ बस हो गई ज़ियारत और हाज़री - दरगाहों पर नज़दीक रहने वाले लोग चाहे वो कोई भी हों, तुम्हारे नाजायज़ लालच और ख़्वाहिशों को अच्छी तरह समझते हैं इसीलिये वो दुआ भी ऐसी करत हैं जो तुम्हें पसंद हो वजह ये है के तुम्हारी मन पसंद दुआ होगी तभी तो नज़राना मिलेगा अरे भाई नज़राना तो नज़र आने पर पेश किया जाता है !

आप और हम जो भी साहिबे मज़ार के लिये, पेश करने के लिये जाते हैं क्या वो फूल, चादर, शीरनी या और जो कुछ भी लेकर जाते हैं और जो भी नक़द रकम एजेन्टों दलालों को देते हैं या गुल्लक में डालते हैं क्या वो उन तक पहुँचता है या फिर इंतज़ाम करने का दावा करने वाले उसमें से ख़ुद खाते हैं ? इस गुलाम ने अपनी आँखों से देखा है ख़ूब अच्छी तरह जानता है के वो पैसा दावत खाने जामा मस्जिद पर जाकर तला हुआ मुर्ग़ा खाने, शराब पीने, क्रिकेट पर सट्टा लगाने में खर्च होता है बेशक, सब लोग ऐसे नहीं हैं लेकिन ये हमें कैसे पता चलेगा के हमारा पैसा हलाल और जरूरी कामों के लिये इस्तेमाल हो रहा है अल्लाह की मख़लूक की ख़िदमत के लिये खर्च हो रहा है या हराम कामों

में बेकार हो रहा है शिर्क और बिदअत को मना करने वाले ख़ुद भी शिर्क और बिदअत का खा रहे हैं और क़दमबोसी करने को शिर्क भी बता रहे हैं उन्हें अल्लाह की किताब में सूरह यूसुफ पढ़ने का मशवरा दिया जाता है !

बहरहाल सोचने और ग़ौर करने वाली बात ये है के किसी भी दरगाह या आस्ताने पर हाज़री के लिये जाते वक्त ऐसा हम क्या लेकर जायें जो उस साहिबे मज़ार तक पहुँच जाये, ऐसी क्या चीज़ है ?

ऐसी क्या चीज़ है ? के हम अल्लाह के वली के आस्ताने पर पेश कर सकें और वो चीज़ उन तक पहुँच भी जाये और क़ुबूल और मक़बूल भी हो सके तो बस वो चीज़ है के हम अन्दर-बाहर से पाक होकर अदब के साथ अपने दिल को, ख़ुद को ही वहाँ पर पेश कर दें के ये ग़ुलाम अब आपके हवाले है आप मुझे ही क़ुबूल फरमा लें, ये ग़ुलाम गीली मिट्टी की तरह आपके हवाले, आप जो भी चाहें इस गीली मिट्टी का बना दें !

ये ही तरीक़ा अपने पीरो-मुर्शिद की ख़िदमत में हाज़िर होने पर भी होना चाहिये बारीये तआला की रहमत और बरक़त की बारिश होती है अल्लाह के वलियों के आस्तानों पर और पीरो-मुर्शिद की सोहबत में, लेकिन हमको भी तो भीग जाने का तरीक़ा आना चाहिये !

ख़ुद को हम बदलना नहीं चाहते और हर क़िस्म का फायदा चाहते हैं ख़ुद को बदले बिना हमें कभी भी फायदा

नहीं हो सकता !

हमें रस्मी इस्लाम, रस्मी तसव्वुफ से बचकर हक़ीक़ी इस्लाम और हक़ीक़ी तसव्वुफ की गहराई में जाना ही पड़ेगा तब ही हम अपने आपको अल्लाह तआला की रहमत और बरकत के क़ाबिल बना सकेंगे !

इसलिये ये तसव्वुफ का ख़ादिम गुज़ारिश करता है के हम सबको बेकार की रस्मों से बचकर होश में रहकर, समझदारी से बा-अदब होकर ही, दरगाहों पर हाज़री के लिये जाना चाहिये !

nvk% दुआ के हक़ीक़त के जो मायने हैं वो तो ये ख़ादिम आपके सामने लफ्ज़ों के जरिये पहले ही ब्यान कर चुका है अब ये ख़ादिम आपके सामने दुआ का एक और पहलू ब्यान करना चाहता है इस ग़ुलाम की बात का इन्कार करने का हक़ आपको है लेकिन इंकार करके आप सिर्फ ये साबित करेंगे के आप हक़ीक़त को समझना नहीं चाहते हैं आप रस्मों और देखा-देखी के कामों को ही सब कुछ समझते हैं, आप ज़्यादा समझदार नहीं है !

हमें ये समझना होगा के हम दुनियाँ को बहुत पसंद करते हैं दुनियाँ कर हर एशो आराम माल, सोना, चाँदी, गाड़ी - बंगला और भी बहुत कुछ चाहते हैं साथ ही साथ ये भी चाहते हैं के हमें कोई ग़म या परेशानी तो बिल्कुल ना हो बस हर तरफ, हर तरीके से आराम ही आराम हो !

हमें, हमारी मौत के बाद की कोई फिकर ही नहीं है बिल्कुल नहीं है ज़रा अपने दिल पर हाथ रखकर ईमानदारी

से सोचो के क्या हम रोज़ाना पाँच मिनट भी ये सोचते हैं के हमारा मरने के बाद क्या होगा, नहीं बिल्कुल नहीं सोचते, हाँ बस कुछ रस्में ज़रूर पूरी कर देते हैं और ख़ुद को बहला देते हैं हमारे राहबरों ने कुछ झूठे नुस्ख़े हमें दे दिये है बस उनका कहा मानकर हम बे-फिकर रहते हैं के जन्नत में चले जायेंगे, अपने आमालों की बुनियाद पर नहीं तो अपने पैग़म्बर और रसूल की शफाअत और बख़्शने की बुनियाद पर, लेकिन हम ये नहीं जानते के हमारे रसूल और पैग़म्बर भी उन्हीं की सिफारिश करेंगे जो इस दुनिया में नेक और अन्दर-बाहर से पाक होकर ज़िंदगी गुज़ारेगा !

कहने का मक़सद ये है के हमें इस दुनियाँ और इसके आराम से जितनी मोहब्बत है बस उतने ही बे-फिकर हम मरने के बाद से है इसीलिये हमारी सारी दुआऐं बस इसी दुनियाँ के आराम ख़्वाहिशों से ताल्लुक़ रखने वाली होती हैं क्यों ? क्यों हमारी दुआऐं आख़रत और मरने के बाद की हालत की बेहतरी के लिये क्यों नहीं होती ?

वैसे तो ये ख़ादिम मुल्लाओं से और मुल्ला क़िस्म के लोगों से दूर ही रहना पसंद करता है क्योंकि ज़्यादातर रटे - रटाये तोतों की तरह होते हैं इनके पास हर सवाल का जवाब, रटा रटाया जवाब, होता है कुरान शरीफ दोहराते रहते हैं लेकिन कुरान शरीफ में ग़ौरो फिकर करके, सीखते नहीं, बस इनसे तो बड़ी-बड़ी तक़रीर करा लो, झूठी किताबें लिखवा लो बहरहाल

कुछ अरसा गुज़रा, अचानक एक मौलवी साहब

मरकज़े तसव्वुफ में तशरीफ लाये वो एक दरगाह की शाही मज्सिद के पेशे सलात भी रह चुके थे उसी दरगाह शरीफ में रोज़ाना शाम के वक्त और जुम्मे के बाद दरगाह शरीफ में दुआ भी कराते थे अब वो ना जाने कहाँ चले गये हैं इस गुलाम ने उन्हें पहले पानी पेश किया फिर ख़ुद ही चाय बना कर पेश की, इसके बात बातचीत का दौर शुरू हुआ !

बातों-बातों में गुलाम ने उनसे सवाल किया के -

'' आप अल्लाह के उस वली के नाम से शज़रा पढ़ते वक्त (शैख़ुल इस्लाम) क्यों पढ़ते हैं जबकि अल्लाह के वली ने शैख़ुल इस्लाम की पोस्ट को, नौकरी को, मक़ाम को क़ुबूल नहीं फरमाया था ये तो अल्लाह के उस वली पर बोहतान और इल्ज़ाम हुआ '' '' शैख़ुल इस्लाम हुकूमत की तरफ से दिये जाने वाले एक ओहदे का नाम है '' मौलवी साहब ने फरमाया मुझसे पहले जो पढ़ते थे वो भी ये ही पढ़ते थे इसलिये उनको देखकर मैं भी ये पढ़ता हूँ ग़लत हो या सही मैं ये पढ़ना नहीं छोड़ सकता जबकि उनको साबित कर दिया गया था कमाल तो ये हुआ के उनको तनख़्वाह देने वाले ने जब हक़ीक़त उन्हे बताई तो बाद में उन्होंने शज़रा पढ़ने में (शैख़ुल इस्लाम) लफ्ज़ पढ़ना बंद कर दिया ! पता चला, सच हो या झूठ, हक़ीक़त हो या ग़लत रिवायत, मुल्ला तो वो बोलता है जो मुल्ला जी को तनख़्वाह देने वाला बुलवाना चाहता है क़ौम गुमराह हो रही है होती रहे !

क्या आप जानते हैं कि ख़ाना-ऐ-काबा (अल्लाह के घर) में सलात अदा करवाने वाला, आम लफ्ज़ों में नमाज़

पढ़ाने वाला इमाम भी सऊदी अरब के बादशाह का, हुकूमत का ग़ुलाम है वो एक लफ्ज़ भी सऊदी अरब की हुकूमत के ख़िलाफ नहीं बोल सकता चाहे हक़ीक़ी इस्लाम को तोड़-मरोड़कर-घुमा-फिराकर बदलना पढ़े !

दिली दोस्तो, ये तो पता करो के ख़ाना काबा (अल्लाह के घर) में लाखों हाजियों को हज के दौरान जो सलात में आगे रहकर सलात अदा करवाता है तो सऊदी हुकूमत किस तरह उसे वो ओहदा देती है ? सऊदी हुकूमत किस तरह क़ुरआन और उसकी तफसीर छपवाती है ? ज़रा समझदारी से काम लेना सीखो !

